तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	शिवदानसिंह भाटी बनाम **लोक सूचना अधिकारी (अति.जिला कलक्टर (शहर प्रथम), जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 7/2024	

26/03/2024

अपीलार्थी शिवदानसिंह भाटी निवासी सांगीदानसिंह का ढाणा, गांव पोस्ट, बनाड़, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 28..12.2023 को (1) राजस्व ग्राम बीजासनी तहसील बिलाडा के खसरा नं. 452 व 453 जिसकी खातेदारी हरिसिंह पुत्र श्री दुर्गसिंह जाति राजपूत के नाम थी इस भूमि के संबंध में जिला कलक्टर जोधपुर के आदेशानुसार एस.डी. एम. जोधपुर ने पुत्र क्रमांक राजस्व/1740 दिनांक 2.1.76 के द्वारा कब्जा प्राप्त होने की सूचना जारी की, उक्त आदेश की प्रतिलिपि व अन्य बिन्दु से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अति. जिला कलक्टर (शहर प्रथम), जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अति. जिला कलक्टर (शहर प्रथम), जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अति. जिला कलक्टर (शहर प्रथम), जोधपुर) से जरिये पत्रांक 1594 दिनांक 04.03.2024 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बिन्दु संख्या 1 व 2 में वर्णित सूचना का ब्यौरा पूर्ण लिखित नही होने से पत्रावली को ढूंढा जाना संभव नही है। तथा प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील के बिन्दु संख्या 3 में पूर्ण तथ्य उपलब्ध नही करवाये जाने से/विशिष्टियों का स्पष्ट उल्लेख नही होने से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1)(ख) के परिपेक्ष्य में सूचना देय नही है तथा प्रार्थी को उक्त सूचना के संबंध में पत्रांक 1566 दिनांक 29.02.2024 व पत्रांक 1413 दिनांक 10.01.2024 द्वारा अवगत कराया गया।

चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना स्पष्टीकरण/संबंधित तथ्यों से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2024.05.06 10:18:52 IST
Reason: SelfAttested